ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 235

70+ वालों को आज से 5 लाख का मुफ्त इलाज:आयुष्मान योजना से 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा; पीएम बोले- अफसोस इसमें दिल्ली-बंगाल नहीं



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धनतेरस और 9वें आयुर्वेद दिवस पर 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा लॉन्च की। इसके तहत देश के 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) को विस्तार दिया और इसमें बुजुर्गों को शामिल किया है। इस दौरान दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद (AIIA) में मोदी ने सीनियर सिटीजन को आयुष्मान वय वंदन कार्ड सौंपा। पीएम ने कहा, 'मैं दिल्ली और बंगाल के 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों से क्षमा मांगता हूं कि उनकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। आपको कष्ट होगा, लेकिन मैं मदद नहीं कर पाऊंगा। कारण- दिल्ली और बंगाल की सरकार इस योजना से नहीं जुड़ रही है। माफी मांगता हूं कि देशवासियों की सेवा कर पा रहा हूं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ दिल्ली-बंगाल में सेवा नहीं करने दे रहा। मेरे दिल में कितना दर्द होता होगा, मैं शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा।' पीएम ने 12,850 करोड़ के हेल्थ प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन किया मोदी ने 29 अक्टूबर को 12,850 करोड़ के हेल्थ प्रोजेक्ट्स उद्घाटन किया। पीएम ने वर्चुअली मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, बिहार समेत 18 राज्यों में हेल्थ प्रोजेक्ट्स लॉन्च हुए। इसके साथ उन्होंने ऋषिकेश AIIMS से देश की पहली एयर एंबुलेंस संजीवनी की शुरुआत भी की।

आयुष्मान योजना से 4 करोड़ गरीबों को फायदा: देश में लगभग 4 करोड़ गरीबों ने इस योजना का लाभ उठाया है। ये 4 करोड़ गरीब अस्पताल में भर्ती हुए इनमें से कुछ को अलग-अलग बीमारियों के लिए इलाज कराया। इन्हें एक भी रुपया खर्च नहीं करना पड़ा। आयुष्मान योजना न होती तो गरीबों को करीब-करीब सवा लाख करोड़ रुपए अपनी जेब से देने होते। मैं इस योजना के लाभार्थियों से मिलता हूं, उनका सुख-दुख जानता हूं। उनकी आंखों में से जो खुशी के आंसू छलकते हैं, वो इस योजना से जुड़े हर व्यक्ति, डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं होते। इससे बड़ा आशीर्वाद क्या होगा। ऐसी योजना पहले कभी नहीं मिली।

गाजियाबाद जिला जज कोर्ट में कुर्सियां फेंकीं, पुलिस चौकी फूंकी:सुनवाई के दौरान झड़प; पुलिस ने वकीलों को लाठीचार्ज कर खदेड़ा



24 न्यूज अपडेट

गाजियाबाद. गाजियाबाद में जिला जज की कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई के दौरान बवाल हो गया। जज अनिल कुमार और वकीलों में झड़प हो गई। इसके बाद वकील भड़क गए। कोर्ट रूम में कुर्सियां फेंकीं। पुलिस ने हंगामा कर रहे वकीलों को लाठीचार्ज कर खदेड़ा। इससे गुस्साए वकीलों ने कचहरी की पुलिस चौकी में तोड़फोड़ कर आग लगा दी।


दरअसल, वकील नाहर सिंह यादव ने जज से एक व्यक्ति की जमानत अर्जी दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की थी। इसी बात को लेकर उनकी जिला जज अनिल कुमार से कहासुनी शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि जिला जज डाइस से उतर कर नीचे आ गए।

जज और वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस बीच, जज ने फोन करके पुलिस और PAC बुला ली। वकीलों का आरोप है कि जिला जज कोर्ट रूम में उन्हें चारों तरफ से दरवाजे बंद करके पीटा गया। इसमें कई वकीलों को चोट भी आई है। अभिषेक यादव ने बताया- मैं सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट हूं। एक केस में जिला कोर्ट में आया था। कुछ इश्यू था, वकीलों और जज साहब में। जज साहब ने गुस्से में आकर डायस पर खड़े होकर अपनी बात कही। चिल्लाना शुरू कर दिया। तभी वहां पुलिस भी आ गई।

डीसीपी राजेश कुमार ने वकीलों पर लाठीचार्ज करवा दिया। मेरे साथी को जमीन पर गिरा दिया। मैं बचाने गया तो चारों तरफ से मुझ पर लाठियां मारी गईं। मेरे सिर पर, कमर पर, पैर पर लाठी मारी। उन्होंने कहा कि मैं वकीलों का लाइसेंस जब्त करा दूंगा। जेल में बंद कर दूंगा।

फिलहाल, कोर्ट में तनाव का माहौल है। कई थानों की पुलिस और PAC को कचहरी में लगाया गया है।

विमानों में बम की धमकी, एक और आरोपी की पहचान:महाराष्ट्र का रहने वाला, आतंकवाद पर किताब लिख चुका; पहले 2 युवक पकड़े गए थे



24 न्यूज अपडेट

नागपुर. विमानों में बम की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी की पहचान मंगलवार को हुई है। नागपुर पुलिस के मुताबिक, यह महाराष्ट्र के गोंदिया का जगदीश उइके (35) है। यह आतंकवाद पर किताब भी लिख चुका है।

DCP श्वेता खेडकर ने बताया पुलिस टीम ने फर्जी ईमेलों की खोजबीन करके आरोपी को ट्रेस किया है। आरोपी अभी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई हैं। यह 2021 में एक केस में अरेस्ट भी हो चुका है।

दो हफ्ते में 400 से ज्यादा फ्लाइट्स को धमकी दी जा चुकी है। फ्लाइट्स में फेक थ्रेट देने के मामले में दो युवक पहले भी पकड़े जा चुके हैं।

दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय पकड़ा था। उसने 25 अक्टूबर को IGI एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की झूठी धमकी वाली दो पोस्ट की थीं। उसने फेमस होने के लिए ऐसा किया था।

इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसने पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त को फंसाने के लिए उसके नाम से X अकाउंट बनाकर 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी।

नागपुर पुलिस ने कहा- जगदीश ने कई मंत्रालयों को ईमेल भेजा था

नागपुर पुलिस ने बताया कि जगदीश उइके ने प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), रेल मंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक (DGP) और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) सहित कई सरकारी कार्यालयों को ईमेल भेजे थे। इसके बाद 28 अक्टूबर सोमवार को नागपुर पुलिस ने शहर में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी थी। जगदीश ने ईमेल में धमकी देते हुए लिखा था कि मुझे गुप्त आतंकी कोड के बारे में जानकारी पेश करने का मौका दिया जाए। आतंकी खतरों के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें जानकारी देना चाहता हूं। अगर मुझे मिलने का मौका नहीं दिया गया, तो विरोध करूंगा। जगदीश ने 21 अक्टूबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी ईमेल भेजा था।

सलमान को धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार:आरोपी 20 साल का, मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेगी; पिता टेलरिंग का काम करते हैं



24 न्यूज अपडेट

नोएडा. मुंबई में NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके बेटे जीशान और एक्टर सलमान खान को धमकी देने के आरोपी युवक को मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान मोहम्मद तैय्यब (20) के रूप में हुई है। ACP नोएडा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया- आरोपी को सूरजपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां से मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जाएगी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मोहम्मद तैय्यब मूल रूप से यूपी के बरेली का रहने वाला है। अभी दिल्ली में ज्योति नगर में अपने चाचा के पास रहता था। पिता का नाम ताहिर है। वह बरेली में सिलाई का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। इसकी जांच की जा रही है। 25 अक्टूबर को दी थी धमकी

जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ऑफिस में 25 अक्टूबर की शाम को मैसेज मिला था। इसमें फिरौती न देने पर सलमान खान और जीशान को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जीशान के एक कर्मचारी ने पुलिस में FIR दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने धमकी देने वाले व्यक्ति के रूप में मोहम्मद तैय्यब की पहचान की।

आरोपी के चाचा का घर खंगाल रही मुंबई पुलिस

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई पुलिस की एक टीम आरोपी के दिल्ली स्थित घर पर मौजूद है। ज्योति नगर थाना पुलिस को सूचना देकर आरोपी के चाचा का घर भी खंगाला जा रहा है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी का किसी गैंग से संबंध नहीं है। उसने सलमान खान को धमकी क्यों दी? इस बारे में कोई ठोस जवाब पुलिस को अभी नहीं मिल पाया है। पूछताछ में उसने सलमान और जीशान को धमकी देने कबूल किया है।

सलमान को धमकी मामले में झारखंड से आरोपी को अरेस्ट किया था

बाबा सिद्दीकी के मर्डर (12 अक्टूबर) के 6 दिन बाद एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। यह धमकी मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को वॉट्सऐप मैसेज के जरिए भेजी गई। धमकाने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था। मुंबई पुलिस के मुताबिक, धमकी भरी मैसेज में लिखा था- इसे हल्के में मत लीजिए। सलमान खान को जिंदा रहना है और उसे लॉरेंस से दुश्मनी खत्म करनी है तो उसे 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। मुंबई पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से 23 अक्टूबर को अरेस्ट किया था।

सीकर में बस हादसा, 12 लोगों की मौत:35 से ज्यादा घायल; तेज रफ्तार से बस टर्न नहीं ले सकी, पुलिया से टकराई



24 न्यूज अपडेट

सीकर. राजस्थान में सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में निजी बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल ले जाया गया। 7 की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। हादसा लक्ष्मणगढ़ में पुलिया के नजदीक मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब हुआ। बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। हादसा सालासर से 68 किमी दूर हुआ। बस को लक्ष्मणगढ़ पुलिया से बायीं तरह से जयपुर-बीकानेर रोड की ओर जाना था। तेज रफ्तार में होने के कारण बस पूरी तरह घूम नहीं सकी और सीधे पुलिया से टकरा गई। बस का आगे का 3 से 4 फीट का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस पुलिया की दीवार से टकराई और ड्राइवर साइड का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया। टक्कर के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई और एक-एक कर सभी को नजदीकी लक्ष्मणगढ़ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

सोना-चांदी की कीमतों पर भारी लोगों का उत्साह, हमारी लाइटवेट ज्वैलरी का जबर्दस्त क्रेज : डॉ. सोजतिया



24 न्यूज अपडेट


उदयपुर में धन तेरस पर बाजार में धनवर्षा हो रही है। इस बार कीमतें बढ़ने के बावजूद सर्राफा बाजार में अच्छी पूछपरख हो रही है व खास तौर पर लोग धन तेरस पर जमकर खरीददारी कर रहे हैं। कोई शगुन के सिक्के खरीद रहा है तो कोई मनपसंद ज्वलरी घर ले जा रहा है। शहर के सबसे प्रतिष्ठित ज्वैलर सोजतिया ज्वैलर्स पर हमने धनतेरस की रौनक का जायजा लिया तो पाया कि शोरूम पर बड़ी संख्या में ग्राहक उत्साह के साथ खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि सोजतिया का विश्वास इस त्योहार पर उन्हें यहां पर खींच लाया है। वैसे खरीदारी हर साल करते हैं लेकिन इस बार सोना और चांदी की कीमतों में 30 से 35 प्रतिशत तक उछाल आ गया है। सोजतिया ज्वैलर्स के मालिक डाक्टर महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि इस बार उदयपुर में 50 से 100 करोड़ के सर्राफा कारोबार की उम्मीद की जा रही है। डाक्टर सोजतिया ने बताया कि चाहे कीमतों में कितना भी उछाल हो, लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। उत्साह से भरपूर खरीददार यहां पर पहुंच रहे हैं व धन तेरस के साथ दीपोत्सव की खुशियां बांट रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई लोग इन्वेस्टमेंट के हिसाब से भी खरीद रहे हैं। इसके अलावा शगुन के हिसाब से भी ज्वेलरी खरीदने की परम्परा तो है ही। उन्होंने कहा कि लाइट वेट ज्वेलरी भी लॉन्च की गई है जो खरीददारों की खास पसंद बन गई है। हमने सोजतिया ज्वैलर्स पर खास तौर पर लाइट वेट ज्वैलरी बनवाई है। डायमंड और पोलकी में भी बेहतरीन डिजाइन उपलब्ध करवाए गए हैं। गहनों की रेंज इतनी शानदार है कि कई बार तो ग्राहकों के लिए यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि बेहतरीन में से आखिर किसका चुनाव करें। हर प्रकार की रेंज में ज्वैलरी उपलब्ध होने व सर्वोत्तम कीमतों की वजह से ज्वेलरी व्यवसाय में सोजतिया विश्वसनीयता का दूसरा नाम बन गया है। पहले परिवार के साथ आकर ज्वैलरी खरीदने की परम्परा थी मगर आज सोजतिया ज्वैलर्स के विश्वास के चलते कई युवा खुद ही अपनी पसंद की ज्वैलरी अपने व परिजनों के लिए खरीद कर ले जा रहे हैं। डाक्टर सोजतिया ने बताया कि बदलते वक्त के साथ पसंद भी बदल गई है। ऐसे में लगातार सोजतिया ज्वैलर्स ने भी रिसर्च और मार्केट की मांग व ग्राहकों की पसंद के अनुसार ज्वैलरी की श्रृंखला पेश की गई है। डॉक्टर सोजतिया ने बताया कि ज्वैलरी कि आगामी शादी ब्याह के सीजन से बाजार को और अधिक उम्मीदें हैं। शादी ब्याह के मौके पर सोने चांदी की सेल में इजाफा जरूर होगा।



संपादकीय : साइबर संजाल

आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के साथ इससे जुड़े जटिल खतरे अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें किसी व्यक्ति को वीडियो काल करके उसे बातों के जाल में फंसाया गया, उसके या उसके बच्चों के किसी अपराध में शामिल होने की बात करके डराया गया, घर के एक कमरे में बंद रहने और फिर एक बड़ी रकम भेजने पर मजबूर किया गया। इसे आजकल 'डिजिटल अरेस्ट' कहा जा रहा है। इस संजाल में लोगों के फंसने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आम जिंदगी में तकनीक के लगातार बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के समांतर निश्चित तौर पर यह व्यापक चिंता का विषय है और इसके बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने से लेकर इससे निपटने के लिए ठोस उपाय निकालने की जरूरत है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेट के सहारे 'डिजिटल अरेस्ट' या अन्य तरीकों से चल रही ठगी को लेकर आम जनता को यह संदेश दिया कि वे इस संजाल में न फंसें । यह जगजाहिर तथ्य है कि अक्सर लोगों के पास इस तरह के फोन आते रहते हैं, जिनमें पुलिस अधिकारी के वेश में कोई व्यक्ति वीडियो काल करके खुद को किसी महकमे या संस्थान का अधिकारी बता कर किसी से जुर्माना या फिर पैसा चुकाने को कहता है। फोन पर ऐसे आधार या संदर्भ बताए जाते हैं कि कई लोग डर कर बातों के जाल में फंस जाते हैं और मांगी गई रकम बैंक खाते के जरिए भेज देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि कोई भी सरकारी एजेंसी किसी व्यक्ति को फोन पर वीडियो या आडियो के जरिए बात करके न तो किसी संबंध में पूछताछ 'करती है और न ही पैसों की मांग करती है। मगर इस सामान्य जानकारी से अनजान कई लोग फोन पर ठगी करने वालों की बातें मान लेते हैं। बाद में जब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है, तब तक उनके साथ बहुत कुछ गड़बड़ हो चुका होता है। जाहिर है, इंटरनेट के इस्तेमाल से संबंधित जागरूकता और प्रशिक्षण के अभाव या फिर साइबर अपराधों की दुनिया से अनजान लोग ऐसी ठगी में फंस कर कई बार बड़ा नुकसान उठाते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की सलाह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि 'डिजिटल अरेस्ट' सहित साइबर ठगी के अन्य संदर्भों में उन्होंने लोगों को सावधान रहने की जो सलाह दी, उसकी पहुंच का दायरा बहुत बड़ा है। निश्चित तौर पर बहुत सारे लोगों को इससे इंटरनेट के अलग-अलग मंचों का उपयोग करते समय सतर्क रहने में मदद मिलेगी। मगर आधुनिक तकनीकी के फैलते पांच के साथ जैसे-जैसे डिजिटल माध्यमों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है, खुद सरकार भी ज्यादातर शासकीय सेवाएं डिजिटल तंत्र के जरिए लोगों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है, तो ऐसे में इस माध्यम के उपयोग को सबके लिए हर तरह से सुरक्षित और सहज बनाया जाना चाहिए। यह छिपा नहीं है कि कई बार बिना किसी मजबूत आधार के, लोगों के बैंक खाते बंद या बाधित कर दिए जाते हैं या फिर किसी मामूली नुक्ते की वजह से सेवाएं रोक दी जाती हैं। अगर इंटरनेट की सुविधाओं के बरक्स साइबर अपराध की जटिलता का हल निकालने की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो धीरे-धीरे लोग डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने को लेकर हिचकेंगे।

सांवलिया सेठ के रथ और पालकी भेंट की, 460 किलो लकड़ी पर 23 किलो चांदी का वर्क



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। भगवान श्री सांवलिया सेठ को दो भक्तों ने मिलकर धनतेरस पर पालकी और रथ भेंट किए। इनमें चांदी का शानदार वर्क किया है। रथ और पालकी का वजन 460 किलो है जिसमें से 23 किलो चांदी का वर्क किया गया हैं। दोनों भक्तों ने अपना नाम गुप्त रखा है लेकिन वहां मौजूद लोगों ने कहा कि वे गुजराती है। धनतेरस के लिए मन्नत मांगी थी जो आज आकर पूरी की। शुभ अवसर पर ठाकुर जी को यह भेंट की। खास बात यह रही कि दोनों भक्त भेंट देने के लिए खुद नहीं आए, भेंट सुमेरपुर के सुनार के हाथों ही मंगलवार को सांवलिया जी पहुंचाई गई। मंदिर मंडल को भी काफी समय से एक छोटे रथ की जरूरत थी, जो अब पूरी हो गई है। इस अवसर पर भेंट करने आए सुनार का भव्य स्वगत किया गया। इस रथ पर दीपावली के बाद देवउठनी ग्यारस पर 12 नवंबर को ठाकुर जी के बाल विग्रह को नगर भ्रमण पर लेकर जाया जाएगा। मंदिर मंडल के अनुसार मंदिर मंडल के पास एक बड़ा रथ है। हर ग्यारस पर ठाकुर जी को नगर भ्रमण के लिए लेकर जाया जाता है। ऐसे में एक छोटे रथ और पालकी की जरूरत थी। दीपावली के बाद देवउठनी ग्यारस 12 नवंबर को ठाकुर जी के बाल विग्रह को नगर भ्रमण पर लेकर जाया जाएगा। उस दौरान इस छोटे रथ और पालकी में ही उन्हें लेकर जाया जाएगा। भक्तों द्वारा भेंट किए गए रथ और पालकी से काफी सुविधा हो जाएगी।पालकी में 80 किलो लकड़ी में 15 किलो चांदी लगी हुई है। मीनाकारी का शानदार वर्क किया हुआ है। देवउठनी एकादशी को ठाकुरजी के बाल विग्रह को विराजित कर नगर भ्रमण करवाया जाएगा।

होटल और ढाबों पर में बैठाकर पिला रहे थे अवैध मंदिरा, 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर पुलिस ने इन दिनों चुनाव के चलते अभियान चला रखा है। अवैध शराब के खिलाफ रोज कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने शहर से सटे तिजवड़ में होटल, हाईवे पर ढाबों पर छापा मारा। यहां पर ग्राहकों को बैठाकर मदिरापान करवाया जा रहा था। तलाशी के दौरान अवैध शराब का भी जखीरा मिला। शराब को जब्त करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी मोनिका सेन ने बताया कि चौरासी विधानसभा उपचुनावों को लेकर आचार संहिता लागू है। अवैध शराब को लेकर अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। सदर थाना पुलिस की टीम ने सागवाड़ा, आसपुर रोड के तिराहे तिजवड़ में स्थित होटल पाल लेंबरवाडा पर दबिश दी। होटल के टेबल पर ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही थी। वहीं पुलिस को देखते ही शराब पीने वाले भाग गए। मौके पर शराब परोसने वाले धनप्रकाश पुत्र प्रेमकृष्ण हंगात मीणा निवासी इंद्रा कॉलोनी और सुनील पुत्र राकेश अहारी निवासी कुशाल मगरी मिले। तलाशी के दौरान होटल से अवैध शराब भी मिली। वहीं ग्राहकों को परोसी गई खुली शराब भी बरामद की है। शराब बेचने और रखने को लेकर कोई लाइसेंस नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने आमझरा में ओम बन्ना देसी ढाबा पर छापेमारी की। कुछ लोग टेबल पर बैठकर शराब पी रहे थे। पुलिस को देखकर शराब पीने वाले अंधेरे में भाग गए। पुलिस को खुली हुई बीयर की बोतलें मिली। तलाशी में अवैध शराब बरामद की गई, लेकिन शराब को लेकर कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने जगदीश पुत्र कावा अहारी निवासी आमझरा वैसाला फला को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा नेशनल हाईवे 48 पर बिछीवाड़ा पुलिस ने जय किसान ढाबा लेहणा में छापेमारी की। ग्राहकों को शराब परोसी और पिलाई जा रही थी। यहां पर भी पीने वाले भाग गए। यहां से जगदीश पुत्र मोहन ननोमा निवासी लेहणा को गिरफ्तार कर लिया है।

सोने की कीमतों ने मनाई धतेरस, 10 ग्राम 81 हजार 400, चांदी का सिक्का भी जबर्दस्त उछला



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। सोना आज रिकॉर्ड बनाने में और ज्यादा सोणा हो गया क्योंकि धन तेरस पर सर्राफा बाजार में खरीददारों की भीड़ है। शगुन के लिए ही सही, सब खरीद रहे हैं तो सोना भी भाव खा रहा है। लिछमी को अपने आंगणे लाने के लिए आज लोगों को प्रति ग्राम रिकॉर्ड तोड़ कीमत अदा करनी पड़ी। मंगलवार को धनतेरस पर स्टैंडर्ड सोने की कीमत 81 हजार 400 रुपए के ऑल टाइम हाई पर विराजमान हो गई। चांदी का सिक्का भी महंगा हो गया। चांदी में 1500 रुपए की तेजी आई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अब दीपावली तक सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। व्यवसायी बता रहे हैं कि दुनिया में अस्थिरता, युद्धों की स्थिति, कई देशों में आपसी तनाव और प्रतिबंधों की वजह से इन्वेस्टरों का विश्वास अब केवल सोने पर ही आकर टिक गया है। वे सोना खरीद कर थोक में जमा कर रहे हैं तो कीमतें भी डिमांड बढ़ने से आसमान को छू रही है। त्योहारों पर सोने व चांदी की कीमतों में कृत्रिम तेजी से खरीददारों के चेहरे की चमक फीकी पड़ती नजर आ रही है। दीपोत्सव पर सोने का क्रेज किसी से छिपा हुआ नहीं है। सोने और चांदी की डिमांड जबर्दस्त है। जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81 हजार 400 रुपए जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 76 हजार 300 रुपए, सोना 18 कैरेट 62 हजार 400 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरेट 49 हजार 900 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी रिफाइन 1 लाख 500 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

जेईई मेन परीक्षा 22 से 31 जनवरी तक, परिणाम 15 फरवरी को

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर। जेईई मेन परीक्षा 22 जनवरी से 31 जनवरी तक होगी और परिणाम 15 फरवरी को घोषित किया जाएगा। इसी दौरान, सीबीएसई बोर्ड के प्रैक्टिकल्स भी जनवरी में होंगे, जिससे विद्यार्थियों के लिए सही समय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होगा।इसी दौरान, सीबीएसई बोर्ड के प्रैक्टिकल्स भी जनवरी में होंगे, जिससे विद्यार्थियों के लिए सही समय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होगा। प्रख्यात शिक्षाविद डा. शैलेंद्र सोमानी ने बताया कि, "विद्यार्थियों को इस अवधि में एक सतर्क समय सारणी बनानी चाहिए ताकि वे जेईई मेन और सीबीएसई बोर्ड के प्रैक्टिकल्स दोनों के लिए पर्याप्त तैयारी कर सकें। सही रणनीति और नियमित अभ्यास से ही वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।" जनवरी में होने वाले प्रैक्टिस सेशन्स से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न समझने और अपनी कमजोरियों को पहचानने का अवसर मिलेगा। यह समय अपने अध्ययन में सुधार और जेईई मेन तथा सीबीएसई दोनों परीक्षाओं के लिए बेहतर रणनीति बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान पिछले 10 सालों के प्रश्न पत्रों को सॉल्व्स करने से सहायता मिलेगी।


दीपावली स्वागत द्वार सजावट प्रतियोगिता- 2024

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अक्टूबर। सुख, समृद्धि, शांति और प्रकाश के पर्व दीपावली को लेकर झीलों की नगरी में अपार उत्साह देखा जा रहा है। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की पहल पर शहर के सभी मुख्य मार्ग और चौराहें दूधिया रोशनी से जगमग हो रहे हैं। जिला प्रशासन के नवाचार के तहत गत वर्ष से प्रारंभ हुई दीपावली स्वागत द्वार सजावट प्रतियोगिता में इस बार एक और अभिनव पहल शामिल करते हुए श्रेष्ठ सजावट के चयन में आमजन की भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए गुगल फॉर्म का लिंक जारी किया गया है। इसमें आमजन शहर के विभिन्न चौराहों पर की गई सजावट में से श्रेष्ठ 3 का ऑनलाइन चयन कर सकेंगे। निर्णायक मंडल की ओर से चार आधारों पर दिए जाने वाले निर्णय में पब्लिक ओपिनियन के भी 20 अंक जोड़े गए हैं। कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि दीपोत्सव आपसी प्रेम, भाईचारे को बढ़ाने तथा लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाने का पर्व है। पर्व को लेकर शहरवासियों और पर्यटकों में उत्साह और आकर्षण बना रहे इसके लिए नवाचार किए गए हैं। शहर के सभी प्रमुख मार्गों, चौराहों पर विद्युत सजावट की गई है। साथ ही प्रमुख चौराहों पर टेन्ट व्यवसायियों के माध्यम से आकर्षक स्वागत द्वार लगाए जा रहे हैं।

निर्णायक मंडल गठित-दीपावली स्वागत द्वार प्रतियोगिता के लिए जिला कलक्टर ने भू प्रबंधक अधिकारी श्रीमती कीर्ति राठौड़, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा तथा सीडीईओ महेंद्रसिंह बड़ाला के नेतृत्व में 4 निर्णायक मंडल गठित किए हैं। उक्त निर्णायक मंडल टेन्ट के आकार, सजावट की थीम, नव प्रवर्तन तथा आमजन की प्रतिक्रिया चार आधारों पर निर्णय करेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार राहुल शर्मा व सुभाष शर्मा को पितृशोक , हिंडौन सिटी के ख्यातनाम शिक्षाविद् और कवि रामगोपाल शर्मा का निधन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। हिंडौन सिटी, 29 अक्टूबर। पंजाब केसरी उदयपुर संस्करण के प्रभारी जार के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा व राजस्थान पत्रिका से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पत्रकार राहुल शर्मा के पिता हिंडौन सिटी के प्रसिद्ध शिक्षाविद् और कवि रामगोपाल शर्मा (हरदैनिया) का मंगलवार को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।अंतिम संस्कार बुधवार सुबह हिंडौन सिटी में होगा। शर्मा जी एक प्रतिष्ठित शिक्षक थे और उन्होंने जिले के एक स्कूल में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। कविता के क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान थी और उन्हें 'भारतीय' के नाम से जाना जाता था। उनकी कई कविताएं स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल रहीं हैं। शर्मा जी के निधन से शिक्षा जगत और साहित्यिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर ब्राह्मण समाज, अन्य समाज के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं और अन्य गणमान्यों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उनके परिवार में तीन पुत्र राहुल, अशोक व सुभाष शर्मा सहित एक पुत्री, 2 पौत्र, 3 पौत्रियां, दोहित्र व दोहित्री हैं।

भट्ट है तो मुमकिन है : पूर्व संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने ग्रहण किया विद्या भवन सीईओ का पदभार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी राजेंद्र भट्ट ने मंगलवार को विद्या भवन सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। वे सोसायटी के 11 संस्थानों के कार्यकलाप एवं गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। समिति अध्यक्ष जेके तायलिया, उपाध्यक्ष हंसराज चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल शाह ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर सदस्य रेखा अग्रवाल, अरुण चतुर्वेदी, हरीश माथुर सहित सोसायटी स्टाफ मौजूद था। कुशल प्रशासक के रूप में ख्याति प्राप्त राजेंद्र भट्ट ने अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान डूंगरपुर एवं भीलवाड़ा जिला कलेक्टर के रूप में बेहतरीन कार्य किया है। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यकाल के दौरान कोरोना महामारी के उत्कृष्ट प्रबंधन का भीलवाड़ा मॉडल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुआ जिसे कोरोना जैसी महामारी पर प्रभावी नियंत्रण का सफल मॉडल माना गया। भट्ट के इस कार्यकाल ने सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में उनकी प्रसिद्धि को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर स्थापित किया। तत्पश्चात देवस्थान आयुक्त, आरएसएमएमएल के प्रबंध निदेशक, टी ए डी आयुक्त एवं संभागीय आयुक्त जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं देकर हाल ही में उदयपुर संभागीय आयुक्त पद से सेवानिवृत हुए हैं। वे उदयपुर विकास प्राधिकरण के पहले चेयरमैन भी रहे हैं। सोसायटी के अध्यक्ष तायलिया ने इस अवसर पर कहा कि विद्या भवन जैसी प्रतिष्ठित एवं काफी पुरानी समाज सेवी संस्था को भट्ट के लंबे प्रशासनिक अनुभव का लाभ मिलेगा। भट्ट ने बताया कि 5 नवंबर को सभी 11 संस्थाओं के संस्था प्रधानों के साथ बैठक रखी गई है जिसमें आगे की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

600 शिक्षकों का स्थायीकरण अटका:DEO प्रारंभिक कार्यालय पर लापरवाही का आरोप; शिक्षक संघ करेगा आंदोलन



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. बांसवाड़ा जिले में 600 से ज्यादा तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थायीकरण अटकने पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है।

जिलाध्यक्ष दिनेश मईड़ा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जुलाई-अगस्त माह में 2 वर्ष पूर्व नियुक्त लेवल वन और लेवल 2 के तृतीय श्रेणी शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच कर प्रमाणीकरण सर्टिफिकेट के साथ कार्यालय प्रारंभिक शिक्षा में जमा करवाने थे।

फिर फाइलों पर जिला परिषद बांसवाड़ा में स्थायीकरण के अनुमोदन कराना था, लेकिन सीबीओ कार्यालयों से प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया। इसके चलते जिला परिषद सभी जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा प्रमाणीकरण के अभाव में लौटा दी।

मईड़ा ने बताया कि पूर्व में सरकार ने गत 5 वर्ष में नियुक्त सभी कार्मिकों के प्रमाण पत्रों और अंक तालिकाओं के सत्यापन के आदेश दिए थे। उसी क्रम में जांच के बाद प्रमाणीकरण कराने के बाद प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों तस्दीक कर जिला परिषद को आगे की कार्रवाई भेजनी थी, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ने बिना जांचे भेज दिए।

संगठन के जिला मंत्री जयदीप पाटीदार ने बताया की पूर्व में संभाग संगठन मंत्री दिलीप पाठक के नेतृत्व में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थायीकरण के लिए सीईओ, जिला परिषद को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन प्रारभिक शिक्षा विभाग ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई है।

इस स्थिति से शिक्षकों में आक्रोश है। संभाग संगठन मंत्री पाठक ने डीईओ के रवैए पर अब दीपावली के बाद ढोल बजाओ नींद उड़ाओ अभियान शुरू कर प्रारभिक शिक्षा विभाग कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी।

जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अक्टूबर। जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में (उपचुनाव के चलते सलूम्बर में नहीं) आगामी 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एकीकृत फोटो युक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन संपन्न हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मंगलवार 29 अक्टूबर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है तथा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। वे व्यक्ति जो मतदाता सूची में अपना नाम हटाना या जुड़ना चाहते हैं वे 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक अपने दावे और आपत्तियां विभिन्न माध्यमों से प्रस्तुत कर सकते हैं। राठौड़ ने वंचित रहे अधिक से अधिक पात्र आमजन से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी अभियान के माध्यम से वयस्कों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

जिले में 34 हजार 351 मतदाता जुड़े-एडीएम राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के तहत इस वर्ष 9 फरवरी से 28 अक्टूबर तक जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 34 हजार 351 नए मतदाता जुड़े हैं। इसमें 16 हजार 324 पुरुष एवं 18 हजार 27 महिला मतदाता शामिल है। इसी प्रकार उक्त अवधि में मृत्यु, अन्यत्र शिफ्ट हो जाने समेत विभिन्न कारणों से 19 हजार 535 नाम हटाए गए हैं।

सफाई कर्मचारी भर्ती में हैला, वाल्मीकि व भिश्ती समाज के लिए अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। इंतेजामिया नौजवान कमेटी कांजी का हाटा की ओर से सदर सिद्दिक हुसैन ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया गया कि वर्तमान में जारी की गई सफाई कर्मचारीयों की भर्ती की विज्ञप्ति में हैला, वाल्मीकि एवं मिश्ती समाज से सफाई कार्य के अनुभव की अनिवार्यता को देखते हुए निवेदन किया गया कि उक्त समाज जो पुश्तैनी रूप से सफाई कार्य करते हुए आये है उनके लिये किसी प्रकार के अनुभव की अनिवार्यता को समाप्त कर हैला, वाल्मिकी एवं मिश्ती समाज को अनुग्रहित करें। तीनों ही समाज जन्मजात व राजा-महाराजा के समय से सफाई कार्य करते आये हैं य सफाई कार्य करने वाली जाति में पैदा हुए है, इन तीनों समाज से सफाई कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र मांगना न्यायसंगत नहीं है। भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी होने के लिये जिला कलक्टर के माध्यम से निष्पादित करने का भी अनुरोध किया गया है। हैला, वाल्मिकी एवं मिश्ती समाज से भर्ती प्रक्रिया में एक-एक प्रतिनिधि को सम्मिलित करने का भी अनुरोध किया गया है जिससे भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। चूंकि पूर्व में भी समय-समय पर राज्य सरकार के आदेशानुसार हैला, वाल्मीकि एवं मिश्ती समाज को सफाई कर्मचारियों की भर्ती में प्राथमिकता दी जावेगी, ऐसा वर्णित किया गया है। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, उदयपुर के अध्याय नंबर 61 में वर्णित हैला, वाल्मिकी एवं मिश्ती समाज द्वारा सफाई का कार्य किया जाता है ऐसा दर्शाया गया है। पुनः निवेदन किया गया कि तीनों ही समाज के अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त कर समाज द्वारा जारी लेटरपेड या जाति प्रमाणपत्र के आधार पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जायें।

वैद्य शोभालाल औदीच्य को मिला राज्य स्तरीय धनवंतरी पुरस्कार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अक्टूबर। आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में सतत समर्पित सेवाएँ देने वाले उदयपुर के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वैद्य (डॉ.) शोभालाल औदिच्य को इस वर्ष राज्य स्तरीय धनवंतरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वैद्य शोभालाल औदिच्य को हरीश चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान जयपुर के भगवतीसिंह मेहता सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, अंतरराष्ट्रीय वैदिक एवं वैलनेस यूनिवर्सिटी शिकागो के वाइस चांसलर प्रो. अभिमन्यु कुमार, उप शासन सचिव सावंत चायल, आयुर्वेद निदेशक आनंद कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त निदेशक मेघना चौधरी आदि गणमान्य अतिथियों ने शॉल ओढ़ा कर, प्रशस्ति पत्र स्मृति एवं चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस पुरस्कार के माध्यम से उनकी 30 वर्षों की अथक सेवा, उत्कृष्टता और आयुर्वेद के प्रति समर्पण को सराहा गया। आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ जोड़ते हुए, राजस्थान के सबसे प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक औषधालय का निर्माण किया है। उनके नेतृत्व में आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार में अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी, पंचकर्म, और योग यूनिट की शुरुआत की गई, जो विभिन्न रोगों के उपचार के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हुई हैं। इन यूनिट्स के माध्यम से न केवल रोगियों को आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा का लाभ मिलता है, बल्कि उन्हें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन स्थापित करने का भी अवसर मिलता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया, ली शपथ

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अक्टूबर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता को अक्षुण्य बनाए रखने की शपथ ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेन्द्र सिंह राठौड़, एडीएम सिटी वार सिंह ने कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उधर, जिला परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमेन्द्र नागर ने कार्मिकों को शपथ दिलाई।

खिले हुए चेहरों पर दिख रही धनतेरस की रौनक, बाजार गुलजार, हर तरफ रौनक



24 न्यूज अपडेट

खिले हुए चेहरों पर त्योहार की रोनक बता रही है कि इस बार दीपावली का पर्व बहुत खास होने वाला है। आज धनतेरस के साथ ही दीपमालिका के त्योहारों की लड़ियों की शुरूआत हो चुकी है। बाजार सजे हैं, बाजार जगमग हैं, बाजार बुला रहे हैं और लोगों की भीड़ सुबह से ही खरीददारी को निकल पड़ी है। रौनक वाले उदयपुर के बाजारों के ये दृष्य देखिये, ये आपके मन को प्रफुल्लित कर देंगे। ऑटोमोबाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वैलरी, सर्राफा, गारमेंट सहित अन्य बाजारों में अच्छी ग्राहकी हो रही है तो मिठाईयों की दुकानों के काउंटर सज चुके हैं। घरों में मिठाइयों की महक पड़ोसियों को भी आनंदित कर रही है तो बाजारों में दीपावली की मिठाइयां खरीदने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। शहर के प्रमुख बाजार सूरजपोल से लेकर घंटाघंर तक और देहलीगेट, धानमंडी से लेकर घंटाघर व अंदर के सभी बाजारों तक ट्रैफिक जाम की स्थिति है। दो पहिया वाहनों से यहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। इस भीड़ में बड़ी संख्या आस-पास के गांवों व कस्बों के लोगों की भी है जो अपनी जरूरत के हिसाब से दीपावली का सामान खरीदने आए हुए हैं। इसी प्रकार बाजार में ऑफर की भी भरमार है। कई जगह लोन के भी लुभावने ऑप्शन दिए जा रहे हैं। धनतेरस पर बर्तन, गहने, वाहन समेत अन्य चीजें खरीदना शुभ बताया जाता है ऐसे में सुबह से ही वाहन डीलरों के यहां मेला लगा हुआ है। इससे भी बड़ा मेला बर्तन विक्रेताओं के यहां है तो सबसे बड़ा मेला उदयपुर के बोहरा गणेशजी में लगा है जहां पर वाहन खरीदकर लोग सीधे प्रथम पूज्य गणपतिजी का अशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। कुल मिलाकर त्योहारों की रंगत परवान पर है। धन तेरस पर जहां स्नान,ध्यान कर देवदर्शन की भी परम्परा है तो शहर के महालक्ष्मी मंदिर में भी खूब भीड़ उमड़ रही है। शाम को दीपोत्सव की तैयारी में अभी से दीयों को पानी से शुद्ध करने और घरों के बाहर रंगोली बनाने के उपक्रम शुरू हो गए हैं। बाजार में भीड़ के चलते आज ट्रेफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। एक अनुमान के अनुसार आज शहर में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के कारोबार की उम्मीद की जा रही है।

किसका उतरा, किस पर चढ़ा पॉलिटिकल सुरूर!!!! : बाप जिलाध्यक्ष के रेस्टोरेंट बार पर छापा, सेल्समैन गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। चौरासी में अब लिकर पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। पुलिस और आबकारी विभाग ने सोमवार शाम को बीएपी जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के गुजरात बॉर्डर से सटे रेस्टोरेंट बार पर छापेमारी की व मामला दर्ज किया। दोनों टीमों ने मिलकर रेस्टोरेंट बार अशीरियन पैलेस पर छापेमारी की है। सेल्समैन को गिरफ्तार किया। रामसागड़ा थाना पुलिस और आबकारी विभाग ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। बीएपी जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के गुजरात बॉर्डर से सटे रेस्टोरेंट बार पर छापा डाला गया। इसमें कई तरह की गड़बड़ियां मिली। सेल्समैन को गिरफ्तार किया है। रेस्टोरेंट के लाइसेंसधारी बीएपी जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई की तो आचार संहिता के बहाने है मगर इससे कई सवाल भी खडे हो रहे हैं खास तौर पर इसकी टाइमिंग को लेकर। रामसागड़ा थाना क्षेत्र में बताया गया कि गुजरात बॉर्डर पर सटे वीरपुर में इस बार रेस्टोरेंट में अवैध गतिविधियों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। पुलिस व आबकारी विभाग की ओर से साझा कार्रवाई की गई। सेल्समैन चंदन गोमाराम मीणा निवासी नरलाई थाना देसूरी, जिला पाली हाल वीरपुर को पुलिस ने पकडा है। इस बार का लाइसेंस बीएपी जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के नाम है। जांच के दौरान रेस्टोरेंट बार में ड्राई डे के दिन अवैध शराब पिलाने, स्टॉक रजिस्टर में बिक्री को लेकर इंद्राज में गड़बड़ी मिली। जिस पर पुलिस ओर आबकारी विभाग ने सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि पुलिस ने यह कैसे तय किया कि यह सब सेल्समैन की गलती से हो रहा था। उसने मालिक को क्यों नहीं पकड़ा। सेल्समैन ने ही यह गड़बड़ी की यह कैसे तत्काल तय कर लिया गया। इन सवालों के चलते पूरी कार्रवाई ही सवालों के घेरे में आकर पॉलिटिकल बन गई है। बीएपी जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के खिलाफ भी रेस्टोरेंट बार के नियमों के उल्लंघन का केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस नाकाम, बदमाश बेखौफ, डूंगरपुर में बेकाबू हो रहे देसी पत्थरबाज : चलती कार पर फेंकी शराब की बोतल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर में देसी पत्थरबाज एक बार फिर से सिर उठा रहे हैं। पुलिस इस बार पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। हर दूसरे दिन इस तरह की घटनाएं कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रही है व इससे जिले की छवि भी खराब हो रही है। व्यापारी पहले से पलायन की स्थिति व मानसिकता में आ चुके हैं। ऐसे में त्योहारों पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। वीआईपी की खुशामद व बॉर्डर पर नकदी, शराब पकड़ने से ज्यादा जरूरी आमजन में विश्वास है जो बहाल हो ही नहीं पा रहा है। कल कोटाणा मेंताली रोड पर एक कार पर शराब की बोतल फेंकी गई जिससे कांच टूट गया। सदर थाना क्षेत्र में कोटाणा मेंताली रोड पर घटना हुई। यहां पर कार पर शराब की बोतल फेंकने से कांच टूट गया। बदमाशों ने कार को लूटपाट के लिए रोका, कोशिश की मगर कार ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी जान बचाई। कोटाणा से मेंताली रोड पर सोमवार रात वारदात हुई। मेंताली निवासी लोकेश प्रजापत ने बताया कि वह सोमवार को अर्टिका से डूंगरपुर वापस लौट रहे थे। कोटाणा से आगे मेंताली रोड पर सामने से बाइक पर तीन बदमाश आए। हाथों में शराब की बोतलें लहरा रहे थे। रोकने के लिए बदमाशों ने उनकी चलती गाड़ी पर शराब की बोतल फेंकी। इससे कार के आगे का कांच टूट गया। इसके बाद भी बदमाश बाज नहीं आए और लूटपाट की मंशा से बदमाशों ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन लोकेश ने कार को दौड़ाकर गांव की ओर मोड़ दिया। लोगों को घटना के बारे में बताया। गनीमत रही कि कोई चोट नहीं लगी। सदर थाने में भी रिपोर्ट दी गई। शाम ढलते ही बदमाशों और शराबियों की हरकतों से अब लोगों में भय का माहौल है।

गर्लफ्रेंड है तो मुमकिन है : मंदिर से चुराया सोने का मुकुट और रुपए, गर्लफ्रेंड पर किए खर्च, कर्मचारी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जोधपुर। गर्लफ्रेंड के लिए आजकल कलयुगी लोग भगवान तक को दगा देने लग गए हैं। जोधपुर के भैरूबाग में ऐसा ही वाकया हुआ जिसमें जैन तीर्थ मंदिर में लाखों रुपए की चोरी हो गई। भगवान का सोने का मुकुट सहित कीमती सामान चोरी हो चला गया। इस मामले में पुलिस की जांच में पता चला कि मंदिर के कर्मचारी की ही करतूत है तो उसको गिरफ्तार कर लिया गया। ये कर्मचारी चोरी के बाद से फरार था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि चोरी के रुपए गर्लफ्रेंड पर खर्च कर दिए थे। सरदारपुरा थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि पाली के सिरियारी निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी भैरूबाग मंदिर में कर्मचारी है। उसने मंदिर के ऑफिस में रखे लॉकर से डेढ़ लाख रुपए, सोने का मुकुट और सिक्के चुरा लिए थे। पिछले 15 दिन से फरार था। आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। भैरूबाग जैन तीर्थ के कोषाध्यक्ष हरकचंद सालेचा ने इस संबंध में रिपोर्ट दी थी। उनके तिजोरी का डबल लॉक तोड़ दिया। कर्मचारी पाली के सिरियारी निवासी रवि कुमार है।

दीपावाली मनाने घर जा रहे मजदूर से पुलिसकर्मी बनकर 14 हजार की ठगी



24न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। दीपावली मनाने अपने घर जा रहे युवक से पुलिसकर्मी बनकर बदमाश ने 14 हजार रुपए ठग लिए। रेती स्टैंड के पास ठगी की यह वारदात हुई। यह मजदूर अपनी गाढ़ी कमाई को लेकर दीपावली मनाने अपने घर जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार बदमाश आए और खुद को पुलिसकर्मी बताया। उसने चोरी का इल्जाम लगाते हुए उसको चेक किया और कहा कि रुपए कहां पर ले जा रहे हो। डर के मारे मजदूर ने 14 हजार रुपए निकालकर बदमाशों को गिनने के लिए दे दिए। इस बीच बदमाश ने मौका पाकर एक लिफाफे में रुपए डालने का झांसा दिया। उसके बाद लिफाफे में रुपए की जगह अखबार के टुकड़े रख दिए और उसको देकर चले गए। जब मजदूर ने वापस लिफाफा देखा तो होंश उड़ गए व रोने लग गया। बस स्टैंड चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दी। पुलिस ने बताया कि फलोज मसानिया फला निवासी सुरेश (35) पुत्र जवाहर परमार के साथ ठगी हुई वह गुजरात में मजदूरी करता है। वह अहमदाबाद से घर लौट रहा था। नया बस स्टैंड के पास जीप से उतरा और रेती स्टैंड पर घर जाने वाली गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इस बीच बाइक पर युवक आया। उसने हेलमेट पहन रखा था। उसने कहा कि मैं पुलिसकर्मी हूं। उसने सीधा मजूदर पर चोरी का इलजाम लगा दिया। मजदूर सुरेश ने उससे कहा कि वह चोर नहीं है। बदमाश ने जेब से रुपए खींच लिए व पूछताछ की। बदमाश ने रुपए एक लिफाफे में डालने का ढोंग किया। वापस मजदूर को थमा दिया। जाते-जाते मजदूर कहा गया कि खरीदारी कर लेना। मजदूर ने लिफाफा खोला तो उसमें अखबार के टुकड़े निकले।

बॉर्डर पर दारूः डीएसटी टीम ने शराब से भरी 2 गाड़ियां की जब्त, 3 लोग गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। गुजरात में शराबबंदी है मगर केवल नाम की। लोग दारू पीने राजस्थान के बॉर्डर में आ जाते हैं या फिर सरकारी एजेंसियों की कृपा से दारू थोड़ा सा आर्थिक गुप्त भुगतान कर सीधे गुजरात चोरी छिपे पहुंच जाती है। यह सिलसिला सालों से चल रहा है। बहुत थोड़े से पकड़े जाते हैं जबकि अधिकतर सीमा पार कर जाते हैं। अबकी बार पकड़े गए। उदयपुर जिले के गोगुंदा थाना इलाके में पानरवा थाना क्षेत्र के डैया गांव में पकड़ी गाड़िया, डैया गांव में गुजरात बॉर्डर पर तस्करी के लिए ले जाई जा रही शराब पर डीएसटी की कार्यवाही हुई। इस कार्रवाई से यह बड़ा सवाल उठ गया कि संबंधित थाना आखिर क्या कर रहा था व कौनसी निगरानी रख रहा था। कहीं निगरानी किसी और पक्ष के लिए तो नहीं हो रही थी। डीएसटी प्रभारी धनपत सिंह के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। दोनों गाड़ियो से कुल 795 शराब के कार्टन जब्त किए गए। दोनों गाड़ियो से 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गुजरात के समीपवर्ती इलाक़ों में शराब तस्करी का यह खेल इस कार्रवाई से रूक जाएगा कहना लगभग नामुमकिन है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।